राजकीय महाविद्यालय धामी, 16 मील में अभिभावक शिक्षक संघ की वार्षिक बैठक आयोजित

OCT 14, 2023

Spread the love

14 अक्टूबर, 2023 को राजकीय महाविद्यालय धामी, 16 मील में अभिभावक शिक्षक संघ की वार्षिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सत्र 2023-24 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। श्री पवन शर्मा को अध्यक्ष, श्री अनुप गुप्ता को उपाध्यक्ष, डॉ किशोरी लाल चंदेल को महासचिव, श्रीमती मीना देवी को संयुक्त सचिव, श्री तुलसी राम को कोषाध्यक्ष और श्री नंद किशोर, श्री केशव राम, श्रीमती कम्पिला शर्मा, श्रीमती जमना देवी, डॉ. नविता खागटा और डॉ. रमेश चौहान को सदस्य के रूप में चुना गया।

नई पीटीए कार्यकारिणी के अध्यक्ष श्री पवन शर्मा ने सदन को कार्यकारिणी की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि वह और उनकी टीम छात्रों और कॉलेज के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संतोष ठाकुर ने नई पीटीए कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि अभिभावक और शिक्षक मिलकर कॉलेज के विकास और प्रगति में योगदान देंगे।